# पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा

# संभावित पेपर-6

**1. निम्नलिखित में से किस स्थान पर गौतम बुद्ध ने आत्मज्ञान प्राप्त किया था?**

(अ) कुशीनगर (ब) लुंबिनी (स) बोधगया (द) सारनाथ

**उत्तर-(स)**

**व्याख्या-** गौतम बुद्ध ने बौद्ध धर्म की स्थापना की थी इनका जन्म 563 ई. पू. में कपिलवस्तु के लुम्बिनी नामक स्थान पर हुआ था इन्हें 35 वर्ष की आयु में वैशाख पूर्णिमा की रात निरंजना नदी के किनारे पीपल वृक्ष के नीचे बोधगया में ज्ञान प्राप्त हुआ इन्होंने अपना पहला उपदेश ऋषिपत्तनम में दिया जिससे बौद्ध ग्रंथों में धर्मचक्रप्रवर्तन कहा गया

**2. मध्य प्रदेश का पहला राष्ट्रीय उद्यान कौन सा है?**

(अ) कान्हा किसली (ब) माधव राष्ट्रीय उद्यान

(स) बांधवगढ़ (द) पन्ना राष्ट्रीय उद्यान

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** वन्यजीवों के संरक्षण के लिए राष्ट्रीय उद्यान स्थापित किए जाते हैं इसी दृष्टि से मध्यप्रदेश में पहला राष्ट्रीय उद्यान कान्हा किसली 1955 में स्थापित हुआ फिर अन्य राष्ट्रीय उद्यान स्थापित हुए

**3. --- ने नौरोज नामक प्रसिद्ध फारसी त्यौहार की शुरुआत की?**

(अ) नसीरुद्दीन महमूद (ब) गियासुद्दीन बलबन

(स) शमसुद्दीन क्यूमर्स (द) बुगरा खान

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** गियासुद्दीन बलबन ने नौरोज नामक प्रसिद्ध फारसी त्यौहार की शुरुआत की जिसे फारसी में नया साल भी कहा जाता है और मुख्यत: ईरानियों द्वारा दुनिया भर में मनाया जाता है यह मूलत: प्रकृति प्रेम का उत्सव है

**4. ओंकारेश्वर राष्ट्रीय उद्यान स्थापित करने की घोषणा की?**

(अ) 2001 (बब 2004 (स) 2006 (द) 2008

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** खंडवा जिले के ओंकारेश्वर के निकट ओंकारेश्वर राष्ट्रीय उद्यान की स्थापना की जाने की अधिकृत घोषणा वर्ष 2004 में की गई थी

**5. होमरूल लीग आंदोलन के संस्थापक कौन थे?**

(अ) सरोजिनी नायडू (ब) एनी बेसेंट

(स) जोसेफ बैप्टीस्टा (द) मोहम्मद अली जिन्ना

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** होमरूल आंदोलन तिलक एवं एनी बेसेंट द्वारा संवैधानिक प्रावधानों के तहत रहते हुए स्वशासन प्राप्त करने के उद्देश्य से चलाया गया तिलक द्वारा 28 अप्रैल 1916 ई. को पूना में होमरूल लीग की स्थापना की गई

**6. चंबल नदी का उद्गम कहां से होता है?**

(अ) भिंड (ब) रतलाम (स) महू (द) उज्जैन

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** चंबल नदी मध्य प्रदेश की एक प्रमुख नदी है जिसका उद्गम महू के पास स्थित जानापाव नामक पहाड़ी से होता है चंबल यमुना की सहायक नदी है जो इटावा के पास यमुना में मिलती है

**7. भारत के संविधान के किस भाग में भारत के नागरिकों के मौलिक अधिकार मौजूद हैं?**

(अ) भाग 4 (ब) भाग 2 (स) भाग 1 (द) भाग 3

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** भारत के संविधान के भाग 3 के तहत नागरिकों को मौलिक अधिकार प्राप्त है भाग 3 में अनुच्छेद 12-35 का विवरण शामिल है

**8. मध्य प्रदेश के पर्यटन स्थल का नाम बताएं जो अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त है और दैनिक वायु सेवा से जुड़ा है?**

(अ) मांडू (ब) सांची (स) खजुराहो (द) कान्हा किसली

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** खजुराहो चंदेल राजाओं की राजधानी थी यहां पर अनेक भव्य मंदिर नागर शैली में निर्मित है यह स्थल अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कर चुका है तथा नियमित वायु सेवा से जुड़ा हुआ है

**9. भारत सरकार द्वारा अधिगृहित निम्न में से कौन सी नीति राज्य के नीति निदेशक तत्वों द्वारा निर्देशित नहीं है?**

(अ) ग्राम पंचायतों का संवर्धन

(ब) भवन निर्माण संबंधी उप नियमों की तैयारी

(स) समान नागरिक संहिता

(द) मादक पेय के सेवन का प्रतिषेध

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** दिए गए विकल्पों में से भवन निर्माण संबंधी उपनियमों की तैयारी राज्य के नीति निर्देशक तत्व द्वारा निर्देशित नहीं है राज्य के नीति निदेशक तत्वों का उल्लेख संविधान के भाग 4 के अनुच्छेद 36 से 51 तक में वर्णित है

**10. मध्य प्रदेश के निम्न में से किस पुरातात्विक महत्व के स्मारक को राज्य संरक्षित घोषित किया गया है?**

(अ) इंदरगढ़ (ब) खूनी भंडारा

(स) जहाज महल (द) बुरहानपुर किला

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** राज्य शासन ने बुरहानपुर जिले के पातोड़ा क्षेत्र में स्थित पुरातात्विक महत्व के स्मारक खूनी भंडारा को राज्य घोषित किए जाने की अधिसूचना जारी की है

**11. चंद्रमा किस खगोलीय पिंड के चारों ओर घूमता है?**

(अ) धूमकेतु (ब) पृथ्वी (स) उल्का (द) तारा

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** चंद्रमा पृथ्वी का एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह है जो पृथ्वी के चारों ओर चक्कर लगाता है यह सौरमंडल का पांचवा सबसे विशाल प्राकृतिक उपग्रह है यह खुद के प्रकाश से प्रकाशित नहीं होता बल्कि यह सूर्य के प्रकाश से प्रकाशित होता है

**12. मध्यप्रदेश में चलाए गए ऑपरेशन प्लेफील्ड किससे संबंधित है?**

(अ) शिक्षण विकास (ब) नैतिक विकास

(स) खेल सुधार (द) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** मध्यप्रदेश में खेल सुविधाओं को व्यापक बनाने एवं उनके अनुकूलतम उपयोग हेतु ऑपरेशन प्लेफील्ड अभियान चलाया गया ताकि खेलों में सुधार हो

**13. खैबर पास पाकिस्तान को किस से जोड़ता है?**

(अ) भारत (ब) अफगानिस्तान (स) ईरान (द) उजबेकिस्तान

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** खैबर दर्रा उत्तर- पश्चिम पाकिस्तान की सीमा और अफगानिस्तान के काबुलिस्तान मैदान के बीच हिंदुकुश के सफेद कोट पर्वत श्रृंखला में स्थित ऐतिहासिक दर्रा है इस दर्रे के जरिए भारतीय उपमहाद्वीप और मध्य एशिया के बीच आवागमन होता था

**14. मध्य प्रदेश की सबसे बड़ी जिला अदालत कहां पर है?**

(अ) भोपाल (ब) जबलपुर (स) इंदौर (द) ग्वालियर

**उत्तर-(अ)**

**व्याख्या-** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में न केवल मध्य प्रदेश की बल्कि एशिया की सबसे बड़ी जिला अदालत स्थित है

**15. ----भारत का लोक नृत्य नहीं है?**

(अ) मोहिनीअट्टम (ब) लावणी (स) कालबेलिया (द) रउफ

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** मोहिनीअट्टम केरल की महिलाओं द्वारा किया जाने वाला अर्थशास्त्रीय नृत्य है जबकि कालबेलिया, रउफ, लावणी ये तीनों भारत के लोक नृत्य है

**16. इनमें से कौनसा विश्व व्यापार संगठन का पूर्ववर्ती था?**

(अ) सेवाओं में व्यापार पर सामान्य करार

YouTube Tez Education सब्सक्राइब करें

(ब) व्यापार एवं शुल्क पर सामान्य करार

(स) बहुपक्षीय व्यापार अनुबंध

(द) बौद्धिक संपदा अधिकारों पर सामान्य करार

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** प्रशुल्क एवं व्यापार पर सामान्य समझौता की शुरूआत वर्ष 1944 के ब्रिटेन बुड्स सम्मेलन में हुई यह विश्व व्यापार संगठन का पूर्ववर्ती है

**17. यूनेस्को विश्व विरासत स्थल कंदरिया महादेव मंदिर कहां स्थित है?**

(अ) खजुराहो (ब) भुवनेश्वर (स) महाबलीपुरम (द) मंदसौर

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** यूनेस्को विश्व विरासत स्थल कंदरिया महादेव का मंदिर खजुराहो में स्थित है इस मंदिर का निर्माण चंदेल वंश के शासक यशोवर्मन ने करवाया था

**18. भारत में हर साल राष्ट्रीय गणित दिवस कब मनाया जाता है?**

(अ) 22 दिसंबर (ब) 22 नवंबर (स) 21 मार्च (द) 21 जनवरी

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** भारत में राष्ट्रीय गणित दिवस प्रत्येक वर्ष 22 दिसंबर को मनाया जाता है क्योंकि भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन का जन्म 22 दिसंबर 1887 ईस्वी को तमिलनाडु इरोड में हुआ था

**19. इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ पेट्रोलियम इन में से किस शहर में स्थित है?**

(अ) कोच्चि (ब) देहरादून (स) विशाखापट्टनम (द) कांडला

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोलियम का मुख्यालय देहरादून में स्थित है इसकी स्थापना 1960 में हुई थी इसका मुख्य कार्य पेट्रोलियम शोधन/ पेट्रो रसायन/ पेट्रोलियम उत्पादों के लिए प्रतिक्रियाओं का विकास तथा पेट्रोलियम उत्पादों के लिए मानक तैयार करना है

**20. स्वतंत्र भारत के पहले डाक टिकट पर कौन से दो शब्द मुद्रित किए गए?**

(अ) वंदे मातरम (ब) जय हिंद (स) जय भारत (द) जय किसान

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** स्वतंत्र भारत का पहला डाक टिकट 21 नवंबर 1947 को जारी हुआ था इस पर भारतीय ध्वज का चित्र और जय हिंद लिखा हुआ था

**21. निम्नलिखित में से क्या केवल पादप कोशिका में पाया जाता है?**

(अ) गॉल्जीकाय (ब) माइटोकॉन्ड्रिया (स) लवक (द) केंद्रक

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** लवक केवल पादप कोशिका में पाया जाता है यह दोहरी झिल्ली से घिरी संरचना है जिसमें अपना डी.एन.ए. तथा राइबोसोम होता है

**22. मटर के पौधों में___ कैरेक्टर रेसेसिन होते हैं?**

(अ) पीला बीज (ब) राउंड सीड (स) हरी फली (द) झुर्रीदार बीज

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** वंशागति के जनक मेंडल ने 7 जोड़ी विपर्यासी वंशागति लक्षण या तुलनात्मक दृश्य रूपों का चयन किया जो कि प्रभावी एवं प्रभावित थे

**23. निम्नलिखित में से किसे प्राणी जगत के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है?**

(अ) प्रोटोजोआ (ब) मेटाजोआ (स) कोएनोजोआ (द) पाइपिंयस

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** कैरोलस लीनियस ने प्राणी जातियों के नामकरण हेतु एक द्विनाम पद्धति का विकास किया जिस कारण कैरोलस लीनियस को आधुनिक वर्गीकरण का पिता कहा जाता है प्राणी जगत को दो उप जंतु जगत में विभाजित किया गया है प्रोटिस्टा जगत तथा मेटाजोआ जगत

**24. निम्नलिखित में से विटामिन A का अच्छा स्रोत क्या है?**

YouTube Tez Education सब्सक्राइब करें

(अ) पत्ता गोभी (ब) गाजर (स) आलू (द) स्ट्रॉबेरी

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** विटामिन A का रासायनिक नाम रेटिनॉल है इसका स्रोत सभी प्रकार की हरी सब्जियां तथा फल जैसे- गाजर, पपीता आदि है इसकी कमी से रतौंधी तथा जीरोफ्थैल्मिया नामक रोग होता है इसे संक्रमण रोधी विटामिन भी कहते हैं क्योंकि यह जीवाणु का शरीर में संक्रमण रोकता है

**25. निम्नलिखित में से कौन सा एक रोग और उसके कारक जीव के बारे में सही नहीं है?**

(अ) एड्स- एचआईवी (ब) मलेरिया- प्लाज्मोडियम

(स) टीबी- माइकोबैक्टीरियम (द) हैजा- इन्फ्लूएंजा

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** एड्स- एचआईवी वायरस के कारण, मलेरिया प्लाज्मोडियम नामक परजीवी के कारण तथा टीबी माइकोबैक्टीरियम नामक जीवाणु के कारण होता है जबकि हैजा रोग विब्रिओ कॉलरी नामक बैक्टीरिया के कारण होता है

**26. निम्न में से कौन गैर संक्रमण रोग का एक उदाहरण है?**

(अ) टाइफाइड (ब) निमोनिया

(स) उच्च रक्तचाप (द) इन्फ्लूएंजा

**उत्तर-(स)**

**व्याख्या-** कई रोग ऐसे होते हैं जो स्पर्श, वायु, भोजन, जल या यौन संपर्कों के कारण एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में संक्रमित नहीं होते हैं ये रोग गंदा खाना खाने तथा खराब जीवनशैली या आदतों के कारण विकसित होते हैं जैसे मोटापा, मधुमेह तथा हाइपरटेंशन गैर संक्रामक रोग के उदाहरण है

**27. पौधों में पानी का अवशोषण मूल रोम द्वारा एक प्रक्रिया से होता है वह कहलाती है?**

(अ) श्वसन (ब) वाष्पोत्सर्जन (स) परासरण (द) स्वेदन

**उत्तर-(स)**

**व्याख्या-** परासरण विशेष रूप से एक विभेदक वर्णात्मक या पारगम्य झिल्लिका के आर-पार जल के विसरण के लिए संदर्भित किया जाता है परासरण की दिशा एवं गति दाब प्रवणता एवं सांन्द्रता प्रवणता पर निर्भर करती है

**28. ---- हार्मोंस के विसरण के कारण पौधे जड़ की दूसरी तरफ मुड़ जाते हैं?**

(अ) ऑक्सिन (ब) साइटोकाइनिन

(स) ऐब्सिसिक अम्ल (द) जिब्रेलिन

**उत्तर-(अ)**

**व्याख्या-** शब्द ऑक्सीजन इंडोल-3 एसिटिक अम्ल तथा अन्य प्राकृतिक एवं कृत्रिम यौगिक जिसमें वृद्धि करने की क्षमता हो के लिए प्रयोग किया जाता है ये प्रायः तने एवं मूल के बढ़ते हुए शिखर पर बनते हैं तथा वहां से क्रियाशीलता वाले भाग में जाते हैं

**29. निम्नलिखित में से कौन सी गैस हास्य गैस के रूप में लोकप्रिय है?**

(अ) नाइट्रिक ऑक्साइड (ब) नाइट्रोजन डाइऑक्साइड

(स) नाइट्रस ऑक्साइड (द) नाइट्रोजन पेरोक्साइड

**उत्तर-(स)**

**व्याख्या-** नाइट्रस ऑक्साइड को लाफिंग गैस कहा जाता है यह एक रासायनिक अकार्बनिक यौगिक है इस गैस की खोज अंग्रेज वैज्ञानिक जोसेफ प्रीस्टले ने 1793 ईसवी में की थी

**30. फास्फोरस को पानी में रखा जाता है ताकि---**

(अ) खराब होने से बचे (ब) आग पकड़ने से बचें

(स) स्थायित्व सुनिश्चित हो (द) बच्चों की पहुंच से दूर हो

**उत्तर-(ब)**

**व्याख्या-** फास्फोरस को पानी में रखा जाता है ताकि आग पकड़ने से बचे इसमें लहसुन जैसी गंध होती है यह विषैला पदार्थ होता है अतः इसे जल में डुबाकर रखा जाता है

**31. ___परमाणु संख्या वाला एक तत्व क्षारीय ऑक्साइड उत्पन्न करेगा?**

(अ) 17 (ब) 6 (स) 7 (द) 20

YouTube Tez Education सब्सक्राइब करें

**उत्तर-(द)**

**व्याख्या-** क्षारीय मृदा धातु वे कहलाते हैं जिनके ऑक्साइड और हाइड्रॉक्साइड की प्रकृति क्षारीय होती है केवल बेरेलियम ऑक्साइड ऐसा तत्व है जिसकी प्रकृति उभयधर्मी होती है कैल्शियम का परमाणु क्रमांक 20 होता है जो ऑक्सीजन से अभिक्रिया करके कैल्शियम ऑक्साइड बनाता है जिसे बिना बुझा चूना कहते हैं

**32. एल्युमिनियम पर ऑक्साइड की एक मोटी परत बनाने की प्रक्रिया है?**

(अ) ऐनोडीकरण (ब) चादर लगाना (स) परिरक्षण (द) आस्तरण

**उत्तर-(अ)**

**व्याख्या-** एल्युमिनियम धातु की सतह पर ऑक्साइड की एक मोटी परत के निर्माण की प्रक्रिया एनोडीकरण कहलाती है

**33. ग्रहों के गति के नियमों का प्रतिपादन किसने किया?**

(अ) आइज़क न्यूटन (ब) जोहान्स केप्लर

(स) गैलीलियो (द) रोजर बेकन

**उत्तर-(ब)**

**व्याख्या-** जोहान्स केप्लर ने सूर्य की परिक्रमा करने वाले ग्रहों के गति के संबंध में 3 नियमों का प्रतिपादन किया है- (1) कक्षाओं का नियम (2) क्षेत्रफलीय चालों का नियम (3) परिक्रमण कालों का नियम

**34. आभासी और सीधी छवि के लिए दर्पण का आवर्धन होना चाहिए?**

(अ) अनंत (ब) ऋणात्मक (स) धनात्मक (द) शून्य

**उत्तर-(स)**

**व्याख्या-** दर्पण का आवर्धन धनात्मक होने का आशय यह है कि वस्तु का प्रतिबिंब आभासी और सीधा बनेगा

**35. इनमें से किस में ऑप्टिकल लेंस नहीं होता है?**

(अ) पेरिस्कोप (ब) टेलीस्कोप (स) माइक्रोस्कोप (द) स्टेथोस्कोप

**उत्तर-(द)**

**व्याख्या-** इनमें से स्टेथोस्कोप में ऑप्टिकल लेंस नहीं होता है जबकि अन्य सभी उपकरणों में ऑप्टिकल लेंस का प्रयोग होता है










YouTube
Tez
Education
सब्सक्राइब करें